सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–77
22/01/2026

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में सीवान जिले में विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

- मुख्यमंत्री ने सीवान जिले को दी 202 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात। 157 करोड़ रूपये की 40 योजनाओं का किया शिलान्यास, 45 करोड़ रुपये की 31 योजनाओं का किया उद्घाटन।

पटना, 22 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सीवान जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा में नवनिर्मित सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में सीवान जिले की 202 करोड़ रुपये की लागत से कुल 71 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 157 करोड़ रूपये की 40 योजनाओं का शिलान्यास एवं 45 करोड़ रुपये की 31 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा सीवान जिले में संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक, स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री द्वारा तेल प्रसंस्करण इकाई हेतु सूर्यान्स एफ0पी0ओ0 को 9 लाख 90 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही फार्म मशीनरी बैंक के लिए मुकेश कुमार, ग्राम कयलगढ़ बढ़ेरिया को 8 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त झोपड़ी मशरूम इकाई हेतु धर्मेंद्र राम को 89,750 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। कृषि सखियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि वे सभी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को निरंतर जागरूक कर रही हैं। सरकार द्वारा उन्हें 5 हजार रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस प्रकार सीवान जिले के 11 प्रखंडों में कुल 23 कृषि सखियों को 5 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, इसके लिए हम सभी मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजना सीवान–आंदर पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का आंदर ढाला के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री क़ो बताया कि इस सड़क के निर्माण का काम लगभग 24 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष निर्माणाधीन कार्य काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त प्रगति यात्रा के दौरान घोषित पचरूखी बाईपास मोहम्मदपुर मोड़ (एन0एच0–531) से छपिया–टेढ़ीघाट–गोपालपुर (एन0एच0–227) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य, मौनिया बाबा महावीरी झंडा मेला को बिहार राज्य मेला प्राधिकार के

प्रबंधन अंतर्गत सम्मिलित करने हेतु स्वीकृति प्रदान करना, भण्टापोखर जीरादेई पथ वाया जामापुर बाजार तक चौड़ीकरण एवं मजूबतीकरण का कार्य, सीवान जिलान्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या– 89 (बबुनिया–सिसवन रोड) पर सीवान यार्ड, सीवान रेलवे स्टेशन से पचरूखी रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या–91 (रेलवे कि0मी0 386/36–38) के बदले आर०ओ०बी० (सड़क उपरी पुल) के निर्माण कार्य योजना का क्रियान्वयन प्रगति पर है। अधिकरियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि रघुनाथपुर प्रखण्ड के नेवारी, गभिरार एवं उतर प्रदेश के बलिया जिला के बीच उतर प्रदेश सरकार द्वारा घाघरा नदी पर निर्मित उच्चस्तरीय पुल के पहुंच पथ का निर्माण कार्य, दरौली प्रखंड के खरीद–दरौली घाट एवं उतर प्रदेश के बलिया जिला के बीच घाघरा नदी पर सेतु के निर्माण एवं बिहार की तरफ से पहुंच पथ का निर्माण कार्य, नौतन प्रखण्ड में मैरवा ग्रिड उपकेन्द्र एवं संबंधित वे का निर्माण, कला एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत प्रेक्षागृह के निर्माण कार्य सहित सीवान जिले की अन्य विकासात्मक एवं जन–कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से जारी है।

मुख्यमंत्री ने पंचमंदिरा पोखरा, सीवान में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत पार्क एवं पोखरा का कराए गए सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। पंचमंदिरा पोखरा, सीवान में मुख्यमंत्री ने मत्स्य बीज संचयन का कार्यारंभ किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री इरशाद अली आजाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक अभियान, विशेष कार्य बल सह पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा श्री कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चंद्रशेखर सिंह, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री निलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री विवेक रंजन मैत्रेय, पुलिस अधीक्षक श्री पूरन कुमार झा सहित अन्य गणमान्य व्यक्त एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******